प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज चौथा दिन प्रश्नकाल के साथ शुरू होगा। इसके अलावा उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के अलावा विभिन्न समितियों के सभापति कागजात सभापटल पर रखेंगे। नियम 62 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जाएंगे जिनमें विधायक सतपाल सत्ती हमीरपुर में नीट की कोचिंग ले रहे छात्र की पीजी की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण हुई संदिग्ध मौत पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। विधायक राकेश कालिया मायादास सदन से चिंतपूर्णी मंदिर के लिए बनाए जा रहे रज्जू मार्ग के कारण स्थानीय दुकानदारों के व्यवसाय में नुकसान होने पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। विधायक बलबीर वर्मा सैंज, देहा, चौपाल, नेरवा–कुपवी सड़क के चाननी नाला के पास भूस्खलन से क्षतिग्रस्त होने पर नियम–62 के तहत सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। इसके अलावा लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भारी बरसात के कारण सिसू पुल के क्षतिग्रस्त होने पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगी। इसके अलावा नियम 130 के अंतर्गत प्रदेश में भारी बरसात व आपदा के कारण जनमानस व निजी और सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान पर चल रही चर्चा जारी रहेगी। इसके अलावा सदन में अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत भविष्य में कड़े फैसले लेने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें आती–जाती रहती हैं लेकिन प्रदेश को वर्तमान वित्तीय हालात पर नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले लेने होंगे और वर्तमान सरकार इसके लिए सभी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। उन्होंने प्रदेश की वर्तमान में बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने जिस प्रकार सरकारी खजाने को लुटाया है वह शर्मनाक है।

जयराम ठाकुर

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने मंत्रियों, सीपीएस और निगम बोर्ड के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों सहित कैबिनेट रैंक प्राप्त नेताओं के वेतन व भत्ते दो माह के लिए विलंबित करने की घोषणा पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के वित्तीय लाभ रोक कर उनके साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों व सीपीएस सहित अन्य नेताओं ने वेतन व भत्ते छोड़े नहीं केवल दो माह के लिए विलंबित किए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि बेहतर होता यदि सरकार सीपीएस को हटाने के साथ–साथ कैबिनेट रैंक की फौज को भी कम करती।

उपायुक्त चंबा

जिला चंबा में 26 अगस्त से जारी मणिमहेश यात्रा को लेकर जिला प्रशासन श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में प्रयासरत है। बीते कल उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मणिमहेश यात्रा मार्ग पर हड़सर से दुनाली पुल तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और हाल ही में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए मार्ग को तुरंत मरम्मत करने के लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दुनाली में अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर निर्मित लकड़ी के पुल को और अधिक मजबूत बनाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक व जिला दंडाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से————

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में वाणिज्यिक गतिविधियों वाले उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगी सस्ती बिजली। पंजाब केसरी का शीर्षक है नई आबकारी नीति पर पक्ष—विपक्ष आमने—सामने, भाजपा का वाकआऊट। दैनिक भास्कर के शब्द हैं विधानसभा में गूंजा शराब के ठेकों की नीलामी का मामला। दिव्य हिमाचल लिखता है शराब नीति पर बवाल, विपक्ष का वाकआउट—सीएम बोले, घोटाला इस सरकार में नहीं, पिछली सरकार में हुआ।। दैनिक भास्कर के अनुसार सीएम, मंत्री, सीपीएस व अध्यक्ष—उपाध्यक्ष के वेतन भत्ते दो माह के लिए विलंबित। दैनिक जागरण का कहना है हिमाचल की आर्थिक स्थिति गंभीर, सीएम, मंत्री व सीपीएस दो माह नहीं लेंगे वेतन। दैनिक सवेरा टाइम्स जयराम ठाकुर के हवाले से लिखता है वेतन, भत्ते छोड़े नहीं हैं, उसे दो महीने के विलंब के बाद लेंगे।

राजधानी के बड़े दफ्तरों को शिफ्ट करने पर विचार संबंधी खबर भी सभी अखबारों में प्रमुखता लिए हुए है।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है पहाड़ों में सर्दी ने दी दस्तक, रोहतांग में हिमपात, शिमला—चंडीगढ़ एनएच—5 का एक सौ 10 फुट हिस्सा धंसा। दैनिक भास्कर लिखता है भारी बारिश से शिमला के चक्कर में लैंडस्लाइड, प्रदेश की एक सौ 35 सड़कें बंद। आपका फैसला के मुताबिक हिमाचल में बारिश का कहर जारी, बिजली के एक सौ 32 ट्रांसफार्मर पड़े ठप और 54 जलापूर्ति स्कीमें भी बाधित।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है हिमाचल में स्कूल दाखिले में तीन साल तक मिली 6 माह की छूट।